# -:प्रेस नोट:-

**दिनांक- 04.08.2026**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **थाना मटौंध व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा शराब के नशे मे अवैध सम्बन्धों को लेकर मारपीट कर व्यक्ति की हत्या करने वाले उसके 02 साथी अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार ।अभियुक्तों की निशांदेही पर आलाकत्ल डण्डा बरामद ।**

**विवरण-** पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज के पर्यवेक्षण तथा सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर सुश्री मेविस टॉक के नेतृत्व में थाना मटौंध व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा शराब के नशे मे अवैध सम्बन्धों को लेकर मारपीट कर व्यक्ति की हत्या करने वाले 02 अभियुक्तों को किया को गिरफ्तार कर लिया गया । गौरतलब है कि थाना मटौंध क्षेत्रान्तर्गत ग्राम दुरेंडी में दिनांक 03.08.2026 को एक प्लाट में धर्मेन्द्र एवं उसके दो अन्य साथी आपस में शराब का सेवन कर रहे थे। इसी दौरान नशे की हालत में उनके बीच गाली-गलौज एवं विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर अभियुक्तों द्वारा धर्मेन्द्र के साथ मारपीट की गई तथा डण्डे से प्रहार कर उसकी हत्या कर दी गई । इस सम्बन्ध में मृतक के भाई मुलायम की तहरीर पर थाना मटौंध में अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया था । घटना के अनावरण हेतु पुलिस एवं फॉरेंसिक टीम द्वारा घटनास्थल का गहन निरीक्षण किया गया तथा मौके से प्राप्त साक्ष्यों का वैज्ञानिक परीक्षण कराया गया । साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ एवं अन्य साक्ष्यों के विश्लेषण के आधार पर आज दिनांक 04.08.2026 मुखबिर की सूचना पर 02 अभियुक्तों को खदान तिराहे केन नदी रोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया गया । पुलिस व फॉरेंसिक टीम द्वारा मौके का निरीक्षण करते हुए पूर्व में ही घटना में प्रयुक्त डंडे को बरामद कर लिया गया था । पुलिस द्वारा दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया ।

**बरामदगी-**

1. 01 अदद् डंडा (आलाकत्ल )
2. 01 आधार कार्ड

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. संजू पुत्र बसंता निवासी ग्राम दुरेंडी थाना मटौंध जनपद बांदा ।
2. सागर पुत्र रणवीर निवासी ग्राम दुरेंडी थाना मटौंध जनपद बांदा ।

**पंजीकृत अभियोग-**

- मु0अ0सं0 154/26 धारा 103(1)/238 बीएनएस थाना मटौंध जनपद बांदा ।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1. श्री दीपेंद्र कुमार सिंह प्र0नि0 थाना मटौंध
2. श्री अरविन्द कुमार चौकी प्रभारी भूरागढ़
3. उ0नि0 श्री मणिशंकर मिश्रा
4. श्री आनंद कुमार प्रभारी एसओजी
5. श्री राजेश कुमार मौर्य प्रभारी सर्विलांस
6. हे0कां0 संदीप कुमार एसओजी
7. हे0कां0 अश्वनी प्रताप
8. कां0 अनुज यादव थाना मटौंध
9. कां0 अमित कुशवाहा एसओजी
10. कां0 अश्वनी प्रताप सिंह एसओजी
11. कां0 अमित त्रिपाठी एसओजी
12. कां0 प्रतीक सिंह एसओजी
13. कां0 मनीष मिश्रा एसओजी
14. कां0 रिषभ एसओजी